40 डिग्री पार पहुंचा तापमान ■ दिन में लू, रात में बिजली कटौती से लोग बेहाल

# 4 दिनों से लगातार बढ़ रही गर्मी

उमस

तमसा संकेत, एजेंसी



**हरदोई।** हरदोई में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। पिछले चार दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है।

गुरुवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर देखने को मिला। दोपहर होते-होते तापमान और बढ़ गया, जिसके चलते लोग घरों और दफ्तरों में रहने को मजबूर हो गए।

तेज गर्मी और उमस के कारण शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक बिजली व्यवस्था चरमरा गई है।

रात में घंटों बिजली गायब रहने से लोगों की नींद खराब हो रही है। दिन के समय बाजारों और सड़कों पर भीड़ कम दिखाई दी। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। गर्मी से बचने के लिए पुरुष गमछे और महिलाएं स्टॉल का इस्तेमाल करती नजर आईं।

भीषण गर्मी के चलते ठंडे पेय पदार्थों और फलों की मांग में तेजी आई है। लोग गन्ने का जूस, शिकंजी, आम का पना, नींबू पानी, बेल और मौसमी का जूस पीकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा खीरा और ककड़ी जैसी ठंडी तासीर वाली चीजों का सेवन भी बढ़ गया है।

### अभी और बढ़ेगी गर्मी


मौसम विशेषज्ञ रमेश वर्मा ने बताया कि इस सीजन में अब तक 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 43 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उन्होंने आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक लोगों को लू और झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।



# भूसी लदे ट्रक में लगी आग

## शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

तमसा संकेत, एजेंसी



**रायबरेली।** रायबरेली के गुरुबक्श गंज थाना क्षेत्र में भूसी से लदे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। यह घटना नकदिलपुर इलाके में हुई, जहां शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रक आग का गोला बन गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, ड्राइवर और दो अन्य मजदूर सुरक्षित बच गए।

जानकारी के अनुसार, ट्रक नंबर UP 78 DN 3082 भूसा लेकर नगदिलपुर से केशरुवा भट्टे की ओर जा रहा था। नकदिलपुर प्राइमरी स्कूल के पास बिजली के तार से छू जाने के कारण ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। ट्रक ड्राइवर सुरेश पुत्र छब्बर (38) और उस पर सवार लेबर अयान, सैफ, कपिल ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मिट्टी, बालू तथा पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को भी सूचित किया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों और पुलिस बल ने पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया। गुरुबक्श गंज थाना अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ नकदिलपुर प्राइमरी स्कूल के पास बिजली के तार से छू जाने के कारण ट्रक के इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ

फास्ट न्यूज

### रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

**रायबरेली।** रायबरेली के लालगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित पूरे नवरंग सिंह का पुरवा गांव में रेलवे ट्रैक के पास एक 25 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान संदीप पुत्र रामबहादुर, निवासी पूरे नवरंग सिंह का पुरवा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही लालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संदीप अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

### छात्रों का बवाल

बाराबंकी के श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (SRMU) में एक बीटेक छात्र पर हॉस्टल में घुसकर हमला किया गया है। आरोप है कि कुछ छात्रों ने लोहे की रॉड से हमला कर छात्र का सिर फोड़ दिया। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित छात्र की पहचान कानपुर निवासी रवि के रूप में हुई है। रवि वर्तमान में लखनऊ के मटियारी इलाके में किराये पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। रवि ने आरोप लगाया है कि बीटेक के छात्र यश साहू, निखिल द्विवेदी और आयुष कटारिया हॉस्टल में जबरन घुस आए और उस पर हमला कर दिया।

### घर में चोरी, परिवार छत पर सोता रहा

**सीतापुर।** सीतापुर के रामकोट थाना क्षेत्र के अतारापुर गांव में बुधवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात समेत हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने घर के पीछे से चार टूटे हुए बक्शे बरामद किया है। पीड़ित सुन्दरलाल के पुत्र ने बताया कि भीषण गर्मी और बिजली कटौती के कारण परिवार के सभी लोग रात में घर की छत पर सो रहे थे।

उन्नाव में विरोध प्रदर्शन, प्रदेश संयोजक को सौंपा ज्ञापन

# रिंग रोड पर अंडरपास न बनने से किसान नाराज

प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



**उन्नाव।** उन्नाव के सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र में निर्माणाधीन रिंग रोड को लेकर किसानों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। पिंडोखा, लालता खेड़ा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने पुरानी सड़क बंद कर बिना अंडरपास बनाए रिंग रोड निर्माण का विरोध किया है।

किसानों का कहना है कि अंडरपास न बनने से गांवों का संपर्क बाधित हो जाएगा और लोगों को खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्हें आवागमन के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। इसी मुद्दे को लेकर किसानों और ग्रामीणों ने किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने समस्या के समाधान की मांग की और अजय अनमोल को मौके पर ले जाकर निर्माणाधीन रिंग रोड स्थल का निरीक्षण कराया।

निरीक्षण के बाद प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने कहा कि बिना अंडरपास बनाए रिंग रोड का निर्माण जनहित के खिलाफ है। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर सड़क निर्माण को अनुचित बताया।

शादी के एक साल बाद हुई घटना ■ पत्नी का चारपाई पर तो पति का कमरे में मिला शव

# विवाद : गर्भवती पत्नी की हत्या

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

**सीतापुर।** सीतापुर में पति ने पत्नी की हत्या कर खुदकुशी कर ली। सुबह देर तक कोई हलतचल न देख पड़ोसी घर गया। दरवाजा खटखटाया। न खोलने पर झांक कर देखा तो महिला का शव आंगन में पड़ा था। पड़ोसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची घर में घुसी तो पहले महिला का शव मिला, फिर कमरे में पति का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, महिला के चेहरे पर धारदार हथियार से वार किया गया है। जिससे उसका चेहरा फट गया और उसकी मौत हो गई।



■ महिला का शव आंगन में ही चारपाई पर लहूलुहान हालत में पड़ा था।


इसरौली गांव का रहने वाला दीपू भार्गव (22) की हरिहरपुर नेवादा की रहने वाली छाया देवी (24) से 9 मई 2025 को शादी हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच मायके आने जाने को लेकर झगड़े होने लगे थे। पिछले साल जून में ही छाया, भार्गव से लड़कर मायके चली गई थी। भार्गव कई बार उसे लाने के लिए गया, लेकिन वह नहीं आई। इसके बाद कई बार पंचायत हुई। दोनों पक्षों में रजामंदी के बाद 11 महीने बाद छाया 19 मई को ससुराल आई थी। 20 मई को दोनों के बीच फिर से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।

दोनों ने एक साल पहले ही शादी की थी। दो दिन पहले ही वह मायके से आई थी। पिता के मुताबिक, महिला चार माह की प्रेग्नेंट थीं। मामला थानगांव थाना क्षेत्र के इसरौली गांव का है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने जब देरतक कोई हलचल नहीं देखी तो भार्गव के घर में झांककर देखा। आंगन में ही चारपाई पर छाया का खून से लथपत शव पड़ा था। इसके बाद सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता मेवालाल ने बताया कि 19 मई को गांव के कुछ लोग लड़के पक्ष के परिवार को साथ लेकर बातचीत करने आए थे, जिसके बाद उनकी बेटी को विदा कराकर ससुराल ले जाया गया। उनका आरोप है कि दामाद मंगलवार को बाजार से बांका खरीदकर लाया था और देर रात उसी से वार कर उनकी बेटी की हत्या कर दी। मृतका के पिता ने दामाद, सास, ससुर और ननद पर हत्या का आरोप लगाया है।

*पति का शव कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला।*



### घटना की सूचना पर गांव के लोग घर के बाहर जुटे

एडीशनल एसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया जांच में पता चला है कि पति ने ही हत्या कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

बिजली विभाग की लापरवाही | खेत जाते समय पैर पड़ने से हादसा, ग्रामीणों ने किया हंगामा

# लापरवाही : बिजली विभाग ने ली बुजुर्ग की जान

आक्रोश

तमसा संकेत, एजेंसी

**तालगांव, सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में बिजली विभाग की एक और बड़ी लापरवाही के कारण एक बेगुनाह बुजुर्ग महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। तालगांव कोतवाली इलाके के उलकापुर गांव में सुबह तड़के शौच के लिए निकली एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रास्ते में टूटकर गिरे 11,000 वोल्ट के हाईवोल्टेज जर्जर तार की चपेट में आ गई। करंट का झटका इतना जोरदार था कि महिला की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई।

इस घटना के बाद से मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया है और बिजली विभाग के खिलाफ पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उलकापुर गांव की रहने वाली रामप्यारी (70) पत्नी मुल्लू राम रोज की तरह सुबह करीब 6:00 बजे घर से शौच के लिए गांव के उत्तर दिशा की तरफ गई थीं। इसी दौरान उपखंड लहरपुर के शेरपुर फीडर से संचालित होने वाली 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का एक जर्जर तार टूटकर रास्ते में गिरा हुआ था। सुबह के धुंधलके में बुजुर्ग महिला इस बात से अनजान थीं और जैसे ही उनका पैर उस चालू लाइन के तार पर पड़ा, वह उसकी चपेट में आ गईं और पल भर में उनकी सांसें थम गईं।



### पुराने तार बदलने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक इलाके के पुराने बिजली तार बदलकर नए तार नहीं लगाए जाएंगे, तब तक शव का पंचनामा नहीं होने दिया जाएगा। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद संबंधित जेई को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

■ तालगांव के उलकापुर गांव में मचा कोहराम, शौच के लिए जाते समय रास्ते में गिरा पड़ा था मौत का तार

■ आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से किया इनकार, तार बदलने की मांग पर अड़े, जेई ने नहीं उठाया फोन

### दशकों पुराने लोहे के तारों से लगातार हो रहे हादसे, विभाग बना अनजान

इस दर्दनाक हादसे के बाद घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति गहरा गुस्सा देखने को मिला। ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि इस इलाके में दशकों पुराने लोहे के बेहद जर्जर तार दौड़ रहे हैं। इन कमजोर और पुराने तारों के कारण आए दिन इस लाइन में कहीं न कहीं टूट-फूट होती रहती है और लगातार हादसे सामने आते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन खतरनाक तारों को बदलवाने के लिए उन्होंने कई बार बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित में प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कुंभकर्णी नींद में सोए विभाग ने आज तक कोई सुध नहीं ली। विभाग की इसी घोर अनदेखी का नतीजा आज एक बुजुर्ग महिला की मौत के रूप में सामने आया है।

# पुलिस को मिले 21 नए डायल 112 वाहन

## गंगा एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा होगी मजबूत

तमसा संकेत, एजेंसी

**उन्नाव।** उन्नाव पुलिस को डायल 112 सेवा के तहत 21 नए वाहन मिले हैं। गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनमें 13 बाइक और 8 चार पहिया वाहन शामिल हैं, जिससे जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा और मजबूत होगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन नए वाहनों को विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे पर तैनात किया गया है। एक्सप्रेसवे पर बढ़ते यातायात और संभावित सड़क हादसों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। अब दुर्घटना या अन्य आपात स्थिति की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच सकेगी।

इससे घायलों को समय पर मदद मिल सकेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारु रहेगी। नए वाहनों के शामिल होने से घटनाओं और सड़क हादसों पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। वाहनों को रवाना करने के दौरान एसएसपी जयप्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, एएसपी शैलेन्द्र लाल, सीओ सोनम सिंह और सीओ विनी सिंह मौजूद रहीं।



अधिकारियों ने वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि डायल 112 सेवा आम जनता को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नए वाहनों के मिलने से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार होगा और किसी भी घटना की सूचना पर कम से कम समय में सहायता पहुंचाई जा सकेगी।

निगरानी : वन विभाग टीम रेस्क्यू में जुटी ■ लखनऊ से विशेषज्ञ बुलाए

# शारदा सहायक नहर में दिखीं दो डॉल्फिन

तमसा संकेत, एजेंसी



**बाराबंकी।** बाराबंकी में गुरुवार सुबह बड्डूपुर क्षेत्र के रीवा सीवा गांव के पास शारदा सहायक नहर में दो डॉल्फिन देखी गईं। डॉल्फिन के पानी में तैरने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नहर किनारे जमा हो गए, जिससे इलाके में कौतूहल का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन दारोगा ओपी यादव ने अपनी टीम के साथ नहर का निरीक्षण किया और डॉल्फिन की उपस्थिति की पुष्टि की। विभाग ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और डॉल्फिन को किसी भी नुकसान से बचाने के लिए निगरानी शुरू कर दी है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नहर में पानी का स्तर काफी कम है, जिससे डॉल्फिन के फंसने या घायल होने का खतरा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ से एक विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम बुलाई गई है। यह टीम डॉल्फिन को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की रणनीति बना रही है।

अधिकारियों का अनुमान है कि देखी गई डॉल्फिन में से एक मादा और दूसरी उसका बच्चा हो सकती है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही की जाएगी। वन रेंजर मयंक सिंह ने जानकारी दी कि डॉल्फिन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग से नहर में अतिरिक्त पानी छोड़ने पर बातचीत की जा रही है। विभाग की टीम किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए लगातार मौके पर निगरानी बनाए हुए है। ग्रामीणों में डॉल्फिन को लेकर उत्साह देखा गया, वहीं वन विभाग ने लोगों से नहर के पास भीड़ न लगाने और डॉल्फिन को परेशान न करने की अपील की है।

### दो सूने घरों से लाखों की चोरी

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव में देर रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाया और लाखों रुपये के जेवर तथा नकदी लेकर फरार हो गए।

गांव निवासी रितेश और सुरेश पाल अपने परिवार के साथ गांव में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर सीढ़ियों के रास्ते घर में घुसे। चोरों ने करीब 35 मिनट के भीतर दोनों घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने घरों से लाखों रुपये के जेवर और नकदी चुरा ली।

जब परिवार के लोग कथा कार्यक्रम से वापस लौटे, तो उन्हें घरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी गायब देखकर उन्होंने तत्काल यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

# गुटखा थूकने में अनियंत्रित हुई बस, दुकान से टकराई

## रायबरेली में 10 यात्री घायल, लेखपाल परीक्षा देने लखनऊ जा रहे थे

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में एक तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बनी दुकान में जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार 10 यात्री घायल हो गए। घायलों में कई लेखपाल की परीक्षा देने लखनऊ जा रहे छात्र भी शामिल हैं।यह घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के मेदनीलाल का पुरवा के पास हुई। बताया जा रहा है कि बस चालक के गुटखा थूकने के कारण बस अनियंत्रित हो गई, जिससे यह हादसा हुआ।

बस में लगभग 20 यात्री सवार थे, जिनमें से 10 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर तीन एम्बुलेंस पहुंचीं, जिन्होंने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। परिवहन विभाग के आला अधिकारियों ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।



### आधा दर्जन लोग घायल

बस में सवार घायल यात्री राम सुख ने बताया कि बस की रफ्तार लगभग 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे रही होगी। बस अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने नाले को पार करते हुए सीधे एक गुमटी से जा टकराई।

राम सुख के अनुसार, इस दौरान आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में रायबरेली से लखनऊ जा रहे लेखपाल परीक्षा के छात्र और उनके परिवार के लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि पूरे घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार ने इस पूरे मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मचारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। तीन एंबुलेंस की मदद से घायल लोगों को नजदीकी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी में यूपी से 9 दावेदार

## असम जिताने वाले हरीश द्विवेदी, गुर्जर चेहरा कटारिया पर क्यों लगा रहे दांव

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी है। 20 जनवरी, 2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद नितिन नवीन अब अपनी नई टीम की घोषणा करने वाले हैं।

राजनीतिक गलियारों में इस नई टीम का बेसब्री से इंतजार है। माना जा रहा है कि इस बार टीम में युवा चेहरों को तरजीह दी जाएगी। जिससे अध्यक्ष और पदाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल रहे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा चुनाव- 2027 को देखते हुए यूपी से इस टीम में एक ब्राह्मण, एक ठाकुर, एक वैश्य और 2-3 पिछड़े वर्ग के नेताओं को जगह दी जा सकती है। इस तरह से जातिगत समीकरण साधने की कोशिश की जाएगी।



14 दिसंबर, 2025 को नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

### राष्ट्रीय टीम में होने वाले फेरबदल

वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय टीम में यूपी से कई बड़े नाम शामिल हैं, जिनमें इस बार बड़े फेरबदल के संकेत हैं-

- ये चेहरे बदल सकते हैं- राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह या राधा मोहन दास अग्रवाल में से किसी एक को हटाया जा सकता है। या फिर नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तारीख मंसूर, रेखा वर्मा और लक्ष्मीकांत वाजपेयी की जगह नए चेहरों को मौका मिल सकता है।
- उम्र की वजह से हट सकते हैं- राष्ट्रीय मुख्य कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की उम्र ज्यादा होने की वजह से उनकी जगह किसी नए विकल्प पर विचार कर रही है।
- प्रमोशन के आसार- राष्ट्रीय मंत्री सुरेंद्र सिंह नागर को उनके काम का इनाम देते हुए पदोन्नत (प्रमोट) किया जा सकता है।

**सूत्रों ने बताया कि इस सर्वे में सिर्फ विधायकों का ही नहीं, बल्कि योगी सरकार की योजनाओं और नौ साल के कामकाज को लेकर भी जनता का मूड भांपा जा रहा है। पार्टी यह जानना चाहती है कि किस इलाके में सरकार की ब्रांडिंग मजबूत है**



### भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने के मायने-

- राष्ट्रीय स्तर पर पहचान- राज्य स्तर की राजनीति से निकलकर नेता सीधे राष्ट्रीय स्तर पर आ जाता है।
- केंद्रीय नेतृत्व से सीधा जुड़ाव- राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठकों में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे शीर्ष नेता मौजूद रहते हैं। इससे नेताओं को अपनी बात रखने का मौका मिलता है।
- नीति निर्धारण में भूमिका- देश के राजनीतिक और आर्थिक प्रस्ताव पास किए जाते हैं। नेताओं की राय की वैल्यू बढ़ जाती है।
- टिकट वितरण और फैसलों में दबदबा- जब कोई नेता राष्ट्रीय टीम में शामिल होता है, तो विधानसभा या लोकसभा चुनावों में टिकट वितरण और संगठन की नियुक्तियों में उनके सुझावों को ज्यादा वजन दिया जाता है।

### 'नवीन' टीम के लिए यूपी से ये 9 बड़े दावेदार



**डॉ. महेंद्र सिंह**
एमएलसी व एमपी प्रभारी

*केंद्रीय नेतृत्व में पीएम मोदी, अमित शाह, बीएल संतोष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेहद करीबी हैं। असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनवाने में प्रभारी के रूप में अहम भूमिका रही थी।*



**अनूप गुप्ता**
एमएलसी

*साधारण कार्यकर्ता से सफर शुरू करने वाले गुप्ता चुनाव प्रबंधन के माहिर खिलाड़ी हैं। वैश्य समाज के बड़े नेता हैं। हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट विस्तार की दौड़ में भी शामिल थे।*



**विजय बहादुर पाठक**
एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष

*पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र के करीबी और गृहमंत्री अमित शाह के भरोसेमंद। मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता के रूप में लंबा अनुभव।*



**हरीश द्विवेदी**
पूर्व सांसद व असम प्रभारी

*असम चुनाव में एकतरफा जीत के रणनीतिकार रहे और अमित शाह के करीबी हैं। हाल ही में यूपी प्रदेश अध्यक्ष पद के भी मजबूत दावेदार थे।*



**अशोक कटारिया**
पूर्व मंत्री

*भाजपा का बड़ा 'गुर्जर' चेहरा। सपा द्वारा गुर्जर वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिशों को नाकाम करने के लिए इन्हें राष्ट्रीय टीम में अहम पद मिल सकता है।*



**अश्विनी त्यागी**
एमएलसी व वाराणसी प्रभारी

*भूमिहार समाज से आते हैं। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के प्रभारी हैं। कई बड़े अभियानों को सफल बना चुके हैं।*



**अमरपाल मौर्य**
राज्यसभा सांसद

*संगठन और संघ (आरएसएस) के शीर्ष नेताओं (बीएल संतोष, अरुण कुमार) के बेहद भरोसेमंद। वर्तमान में सरकार, संघ और संगठन के बीच सेतु का काम कर रहे हैं।*



**संतोष सिंह**
एमएलसी व ब्रज क्षेत्र प्रभारी

*साल- 2010 से लगातार संगठन में सक्रिय हैं। जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों को लागू कराने और चुनाव मैनेजमेंट का लंबा अनुभव है। संघ में अच्छी पकड़।*



**श्रीकांत शर्मा**
पूर्व ऊर्जा मंत्री

*पश्चिमी यूपी का बड़ा ब्राह्मण चेहरा। पूर्व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रहे हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।*

### यूपी संगठन भी बदलेगा, पंकज चौधरी की लिस्ट तैयार

राष्ट्रीय टीम के साथ-साथ यूपी की नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान भी जल्द हो सकता है। 14 दिसंबर, 2025 को प्रदेश अध्यक्ष बने पंकज चौधरी अपनी नई लिस्ट लेकर दिल्ली गए हैं।

प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही कई क्षेत्रीय अध्यक्षों के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद उन्हें बदला जाएगा। संतोष सिंह, विजय बहादुर पाठक, अमरपाल मौर्य और कांता कर्दम जैसे दिग्गजों को केंद्रीय संगठन में भेजे जाने की चर्चाओं के बीच नए और कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में जगह दी जाएगी।

## भाजपा करा रही विधायकों का सर्वे

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने 2022 में जीते अपने विधायकों का 'रिपोर्ट कार्ड' तैयार करना शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों की मानें तो पार्टी यह परख रही है कि क्षेत्र में विधायक की जमीनी पकड़ कैसी है और जनता के बीच उनकी सक्रियता कितनी है। जिन विधायकों से जनता नाराज है, उनकी जगह नए और जिताऊ चेहरों की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, 'हाईकमान ने पूरे सर्वे की जिम्मेदारी दो बाहरी एजेंसियों को दी है जिनकी टीमें पिछले कई दिनों से शहरी और ग्रामीण इलाकों में घूमकर लोगों से सीधा संवाद कर रही हैं। विधायकों के काम, व्यवहार और



क्षेत्र में मौजूदगी पर जनता की राय ली जा रही है। इसके अलावा संभावित नए दावेदारों की लोकप्रियता और जातीय-सामाजिक प्रभाव का भी आकलन किया जा रहा है। भाजपा यह तय करना चाहती है कि 2027 में किस चेहरे पर दांव लगाने से जीत की गारंटी मिलेगी।'

**फास्ट न्यूज**

### गाजीपुर में नहर में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के शादियाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर नहर में नहाने गए दो सगे भाइयों के डूबने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार कनुआन गांव निवासी किशन कनौजिया (14) एवं शिवराज कनौजिया (13) पुत्र जगत राम कनौजिया गुरुवार दोपहर अपने छोटे भाई अनंत कनौजिया (9) के साथ गुरैनी नहर में नहाने गए थे। नहाने के दौरान अचानक किशन और शिवराज गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

### गाजीपुर में सड़क हादसे में चाचा भतीजा की मौत

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के सादात थाना क्षेत्र में गुरुवार को डंपर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सादात-बहरियाबाद मार्ग पर टांड़ा चट्टी के पास बहरियाबाद की ओर से आ रही मोटरसाइकिल को एक डंपर ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में संदीप यादव (23) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल मनोज यादव (38) को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतक गाजीपुर जिले के बहरियाबाद थाना क्षेत्र के सलेमपुर बधाई गांव के निवासी थे और आपस में चाचा-भतीजे थे।

### लेखपाल परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गुरुवार को 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित लेखपाल भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 6720 अभ्यर्थियों में से 5471 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1249 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन, सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

## कर्मचारियों ने किया सड़क जाम

### नेरोलैक में वेतन वृद्धि के लिए प्रदर्शन, ठेकेदारी प्रथा खत्म करने और न्यूनतम वेतन की मांग

**आक्रोश**

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर नेरोलैक पेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों ने गुरुवार को वेतन बढ़ोतरी और श्रमिक हितों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कर्मचारी फैक्ट्री गेट के बाहर जमा हो गए। नारेबाजी करते हुए सड़क पर धरने पर बैठ गए। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और भीषण गर्मी में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



मामले की सूचना मिलते ही चौबेपुर थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं बिठूर पुलिस ने भी पहुंचकर कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकलवाने में जुटी रही। यह मामला चौबेपुर थाना क्षेत्र में बिठूर मार्ग स्थित फैक्ट्री का है।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि ठेके पर काम करने वाले मजदूरों को न तो ईपीएफ, बोनस और अन्य सुविधाएं मिलती हैं और न ही तय मानक के अनुसार वेतन। कर्मचारियों के अनुसार अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 13,006 रुपये और कुशल कर्मचारियों के लिए 16,025 रुपये निर्धारित है, लेकिन कई मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जा रहा है। एसडीएम मनीष कुमार ने बताया कि श्रमिकों से वार्ता की जा रही है। कंपनियों की मनमानी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने कर्मचारियों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने की अपील की है। दरअसल, दो दिन पहले क्षेत्र की एक मसाला फैक्ट्री के श्रमिकों ने भी वेतन और श्रमिक अधिकारों को लेकर प्रदर्शन किया था।

### महंगाई के बीच वेतन बढ़ाने की मांग

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से वेतन वृद्धि की मांग की जा रही है, लेकिन कंपनी और ठेकेदारों की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही। श्रमिकों ने ठेकेदारी व्यवस्था समाप्त कर सीधे भर्ती किए जाने की मांग उठाई। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार मजदूरों को पूरा वेतन नहीं देते और सरकार की ओर से तय न्यूनतम मजदूरी का भी पालन नहीं किया जा रहा।

### यूपी से नाबालिग लड़की को अगवा कर उत्तराखंड लेजाकर गैंगरेप

## लड़की को लावारिस छोड़कर फरार

तमसा संकेत, एजेंसी

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में खरखौदा के एक गांव निवासी किशोरी के साथ कुछ युवकों द्वारा गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी नाबालिग छात्रा को हरिद्वार लेकर गए और एक होटल में रखकर गैंगरेप किया और छोड़कर फरार हो गए।

यूपी के मेरठ में खरखौदा के एक गांव निवासी किशोरी के साथ कुछ युवकों द्वारा गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी नाबालिग छात्रा को हरिद्वार लेकर गए और एक होटल में रखकर गैंगरेप किया और छोड़कर फरार हो गए। यहां से पानीपत निवासी मुस्लिम परिवार किशोरी को लावारिस पाकर साथ घर ले गया। मंगलवार रात पुलिस ने किशोरी को पानीपत के हरिनगर से बरामद किया तो गैंगरेप का खुलासा हुआ। दर्जनभर लोगों को पुलिस ने बुधवार को उठाया है।



मामले में मिली जानकारी के अनुसार खरखौदा के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी की मां ने 24 अप्रैल को पिटाई की थी। गुस्से में वह घर छोड़कर चली गई थी। रास्ते में उसको लालपुर और सेतुकुआं निवासी छह युवकों ने अगवा कर लिया था। इन्होंने छात्रा के साथ एक मकान में गैंगरेप किया। खरखौदा से पीड़िता को लेकर आरोपी हरिद्वार पहुंच गए और वहां एक होटल में कमरा लिया।

आरोपियों ने हरिद्वार में भी पीड़िता के साथ रेप किया। इसके बाद छात्रा को लावारिस छोड़ दिया। इसी दौरान पानीपत के हरिनगर निवासी एक मुस्लिम परिवार को किशोरी मिल गई थी, जो पीड़िता को अपने साथ ले गया। दूसरी ओर, छात्रा की गुमशुदगी 25 अप्रैल को दर्ज की गई थी, लेकिन थाना पुलिस बरामद नहीं कर पाई।

किशोरी की मां ने एसएसपी मेरठ अविनाश पांडेय से मदद मांगी। जिसके बाद स्वाट टीम ने मंगलवार को किशोरी को पानीपत के हरिनगर से बरामद कर लिया। किशोरी को पनाह देने वाले परिवार को भी हिरासत में लेकर मेरठ लाया गया। एसपी देहात अभिजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सेतुकुआं, लालपुर से दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया।

- **गैंगरेप करने वाले आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीम दबिश देती रही।**
- **पुलिस सूत्रों की मानें तो तीन आरोपियों को छात्रा ने पहचान लिया है।**

### वीडियो : भाई ने जमीन बेच दी, योगी जी तक बात पहुंचाओ ■ रोते हुए वीडियो बनाकर शेयर किया

## मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर में एक युवती सुबह होते ही मोबाइल टावर पर चढ़ गई। वहां से उसने रोते हुए वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर साझा किया। बताया कि परिवार के लोगों ने उसके हिस्से की जमीन बेच दी है। जिसने खरीदा है उसने मुकदमा करवा दिया है। उसकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचा दी जाए।

उसके मोबाइल टावर पर चढ़ने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे। देखते ही देखते मौके पर लोगों का हुजूम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उससे उतरने की अपील की, लेकिन उसने नहीं सुनी। यह मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर की है। 23 वर्षीय युवती सुबह 06:30 बजे से टावर पर चढ़ी। काफी मशक्कत के बाद उसे मनाया जा सका। आश्वासन मिलने के बाद वह 3 घंटे बाद 09:30 बजे नीचे उतरी।



- **नन्हकी नाम की युवती ने मोबाइल टावर से ही रोते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इंसाफ की गुहार लगा रही है।**

### फतेहपुर की रहने वाली है, वहीं कानपुर में टावर पर चढ़ी

मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती की पहचान फतेहपुर जनपद के मिराई गांव की रहने वाली नन्हकी कुशवाहा के रूप में हुई है। उसने टावर पर चढ़कर जो वीडियो शेयर किया उसमें वह जमीनी विवाद की बात कह रही है। उसका आरोप है कि परिवार के चाचा अवधेश सिंह के लड़के और राकेश सिंह ने उनकी पारिवारिक जमीन बेच दी है। उनका कहना है कि इस जमीन का कोई सरकारी बंटवारा नहीं हुआ था, फिर भी उन्होंने एक हिस्से की जमीन बेच दी। युवती नन्हकी कुशवाहा का आरोप है कि उसके चाचा के बेटे महेंद्र, जयेंद्र, भारत और सोनू ने गांव के ही रहने वाले अवधेश सिंह को जमीन बेच दी थी। अब अवधेश सिंह ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। युवती का कहना है कि अभी जमीन का सरकारी बंटवारा नहीं हुआ है, इसके बावजूद अवधेश सिंह ने जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया।



नन्हकी के पिता हीरालाल कुशवाहा की वर्ष 2021 में और माता सुदामा देवी की वर्ष 2023 में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में सुनीता, विनीता, रानी, नन्हकी और एक भाई रामराज कुशवाहा हैं। सुनीता, विनीता, रानी और रामराज की शादी हो चुकी है, जबकि नन्हकी अविवाहित है और अपने भाई रामराज के साथ गांव में रहती है।

## शार्ट-सर्किट से गत्ता फैक्ट्री में लगी आग

### गैस सिलेंडरों से हुए धमाकों से विकराल हुई

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

**कानपुर ।** कानपुर की एक गत्ता फैक्ट्री में गुरुवार तड़के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में लपटों ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में फैक्ट्री से रखे चार गैस सिलेंडर आ गए। इसके बाद एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाके सुन आसपड़ोस के लोग सहम गए। गैस सिलेंडरों के चपेट में आते ही 10-10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। इलाकाई लोगों ने किदवई नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में पांच फायर स्टेशनों से करीब 9 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। चार घंटे बाद फायर कर्मियों ने



- **फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियों ने चार घंटे में काबू पाया**

आग पर काबू पाया। घटना साकेत नगर स्थित फैक्ट्री में हुई। साकेत नगर निवासी अजीत अरोड़ा की घर से कुछ दूरी पर पीपीएम हॉस्पिटल के पीछे गत्ता फैक्ट्री है। गुरुवार तड़के करीब 3 बजे फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग ने फैक्ट्री में रखे डिब्बों और गैस सिलेंडरों को कुछ ही देर में अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद फैक्ट्री में हुए एक के बाद एक कई धमाकों के बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

